कार्बापेनम प्रतिरोधी एसिनेटोबैक्टर बाउमानी (CRAB)

अस्पतालों में फैलने वाला एक ऐसा रोगाणु जिन पर दवाओं का असर नहीं होता



एसिनेटोबैक्टर बाउमानी क्या होता है?

एसिनेटोबैक्टर बाउमानी नामक रोगाणु एक तरह का बैक्टीरिया है, जो अस्पतालों और नर्सिंग होम में भर्ती गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज़ों में जानलेवा संक्रमण पैदा कर सकता है। जब इन रोगाणुओं पर कार्बापेनम जैसे शक्तिशाली एंटीबायोटिक का असर होना खत्म हो जाता है, तो उनका इलाज और मुश्किल हो जाता है और वे अधिक खतरनाक हो जाते हैं। कार्बापेनम प्रतिरोधी *एसिनेटोबैक्टर बाउमानी* को संक्षेप में CRAB कहा जाता है।

कॉलोनाइज़ेशन का क्या मतलब है?

मरीज़ों में CRAB की उपस्थिति और वृद्धि हो सकती है। कॉलोनाइज़ेशन का मतलब है कि लोगों के शरीर पर या शरीर के अंदर CRAB मौजूद तो होता है, लेकिन उनमें बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिखते। शरीर में CRAB का कॉलोनाइज़ेशन कई महीनों या सालों तक जारी रह सकता है। जिन लोगों में ये रोगाणु मौजूद हैं, वे इन्हें दूसरों तक भी फैला सकते हैं।

CRAB को एक समस्या क्यों माना जाता है?

अगर सही तरीके से सफाई न की जाए, तो CRAB स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के हाथों, उपकरणों और सतहों के माध्यम से अस्पतालों या उपचार केंद्रों में एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में तेजी से फैल सकता है। CRAB से होने वाले संक्रमण का इलाज करना मुश्किल हो सकता है और इससे मृत्यु भी हो सकती है।

CRAB से संक्रमित होने का अधिक जोखिम किसे है?

CRAB मुख्य रूप से पुरानी, गंभीर बीमारी वाले मरीज़ों को प्रभावित करता है। जिन लोगों ने अस्पतालों में बहुत समय बिताया हो, उनमें CRAB से संक्रमित या प्रभावित होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। CRAB के संक्रमण के जोखिम को बढ़ाने वाले अन्य कारकों में निम्नलिखित कारक शामिल हैं:

- लंबे समय तक मैकेनिकल वेंटिलेटर (श्वास मशीन) पर रहना।
- शरीर के अंदर लगाए जाने वाले उपकरणों का इस्तेमाल करना, जैसे मूत्र कैथेटर, केंद्रीय शिरा कैथेटर या भोजन और श्वास नलिकाएं।

CRAB मरीज़ों में कैसे फैलता है?

CRAB से संक्रमित या इससे प्रभावित मरीज़ों की त्वचा और शरीर के तरल पदार्थों में रोगाणु हो सकते हैं, जो उनकी आस-पास की जगहों, कपड़ों और चिकित्सा उपकरणों को संदूषित कर सकते हैं। CRAB स्वास्थ्य कर्मियों के हाथों, कपड़ों और अस्पताल में मौजूद अन्य वस्तुओं जैसे कि दरवाजे के हैंडल, बिस्तर की रेलिंग, स्टेथोस्कोप, रक्तचाप मापने वाली कफ और थर्मामीटर को संदूषित कर सकता है। साथ ही यह तेजी से दूसरे मरीज़ों में फैल सकता है।

हम CRAB को फैलने से कैसे रोक सकते हैं?

अस्पतालों में CRAB को फैलने को रोकने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को निम्नलिखित काम करने चाहिए:

- वे समझें कि रोगाणु कैसे फैलते हैं और सुनिश्चित करें कि वे कपड़ों, हाथों या उपकरणों के माध्यम से दूसरे मरीज़ों तक न पहुंचें।
- मरीज़ों की देखभाल करने या मरीज़ के कमरे में रखी चीज़ों को छूने से पहले और बाद में हाथ धोएं या उन्हें सैनिटाइज़ करें।

- संक्रमण फैला सकने वाले मरीज़ों की देखभाल करते समय उपयुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनें - इसमें आमतौर पर गाउन और दस्ताने शामिल होते हैं।
- ऐसे क्षेत्रों और वस्तुओं को डिसिन्फ़ेक्ट करने के लिए अस्पताल-ग्रेड कीटाणुनाशकों का इस्तेमाल करें जिन पर CRAB के रोगाणु मौजूद हो सकते हैं और साथ ही यह सुनिश्चित करें कि पर्यावरण सेवाओं के कर्मचारी इन उत्पादों का सही तरीके से इस्तेमाल करना जानते हों।
- साझा उपकरण को किसी मरीज़ पर इस्तेमाल करने से पहले और बाद में साफ और डिसिन्फ़ेक्ट करें।

घरों में CRAB को फैलने से रोकने के लिए:

- अपने हाथ हमेशा साबुन और पानी से साफ करें:
  - खाना बनाने या खाने से पहले।
  - बाथरूम का इस्तेमाल करने के बाद।
  - किसी भी घाव या चिकित्सा उपकरण को छूने से पहले और बाद में।
- अपने व्यक्तिगत देखभाल के सामान जैसे तौलिये और वॉशक्लॉथ को दूसरों के साथ साझा न करें।
- हो सके तो अपने किसी घाव को पट्टी से ढकें।
- आपके घर में किसी विशेष सफाई की ज़रूरत नहीं है:
  - आपके कपड़े घर के बाकी कपड़ों के साथ सामान्य तरीके से धोए जा सकते हैं।
  - आपके खाने के सभी बर्तन वैसे ही धोए जा सकते हैं, जैसे कि आप आमतौर पर धोते हैं।
- आपको अपने पालतू जानवरों के साथ कोई विशेष सावधानी बरतने की ज़रूरत नहीं है।

अगर आप ऐसे लोगों के साथ रहते हैं या उनके निकट संपर्क में हैं जिनके शरीर में चिकित्सा उपकरण लगे हों, उन्हें कोई घाव हो या उनकी इम्यूनिटी कमजोर हो तो मार्गदर्शन के लिए कृपया उनके प्राथमिक चिकित्सा प्रदाता से बात करें या अपने स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकरण को कॉल करें।

CRAB के लिए किसे परीक्षण करवाना चाहिए?

अगर कोई मरीज़ CRAB से संक्रमित या उससे प्रभावित किसी व्यक्ति के संपर्क में आया हो, तो सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग उन मरीज़ों को CRAB के लिए परीक्षण कराने का अनुरोध करता है। परीक्षण यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि उनके शरीर पर CRAB रोगाणु मौजूद है या नहीं।

क्या स्वास्थ्यकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को CRAB की पुष्टि के लिए परीक्षण करवाना चाहिए?

सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग परिवार के स्वस्थ सदस्यों या उन स्वास्थ्यकर्मियों के परीक्षण का अनुरोध नहीं करता है जो CRAB से पीड़ित या प्रभावित मरीज़ों की देखभाल करते हैं। आमतौर पर, स्वस्थ लोगों को CRAB से कोई खतरा नहीं होता है और उन्हें परीक्षण की ज़रूरत नहीं होती है। हालांकि, अगर कोई व्यक्ति CRAB के संक्रमण से बीमार हो जाता है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, तो अस्पताल उनके घरेलू संपर्कों का परीक्षण करवा सकती है।

Washington State Department of HEALTH

DOH 420-501 December 2024 Hindi

इस दस्तावेज़ का अनुरोध अलग प्रारूप में करने के लिए 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बहरे या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या doh.information@doh.wa.gov पर ईमेल करें।